आकाशवाणी श्री विजयपुरम

30.10.2026 समय : 1905

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के बनासकांठा से पीएम–किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त जारी की। वहीं, द्वीप समूह में उप राज्यपाल ने कहा कि प्रशासन उन्नत तकनीकों के माध्यम से कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत।

2. लोक निवास में पहली बार आयोजित हुआ जनता दर्शन, उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने सुनीं लोगों की समस्याएं और दिए समाधान के निर्देश।

3. लोकतांत्रिक संस्थाओं और चुनावी प्रक्रिया पर बौद्धिक संवाद, भाजपा नेताओं सहित शिक्षाविदों और पूर्व अधिकारियों ने साझा किए विचार।

4. भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण और नैतिक आचरण को बढ़ावा देने पर जोर, केंद्रीय द्वीपीय कृषि संस्थान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह संपन्न।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24 वीं किस्त के तहत 19 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की। इस राशि से देशभर के करोड़ों किसानों को आर्थिक सहायता मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना छोटे किसानों के जीवन का महत्त्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है और सरकार किसानों की आर्थिक मजबूती के लिए लगातार प्रयास कर रही है। दो दिवसीय गुजरात दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम–किसान सम्मान निधि के माध्यम से अब तक लगभग साढ़े चार लाख करोड़ रुपये सीधे किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित किए जा चुके हैं। गुजरात में भी 50 लाख से अधिक किसानों को इस योजना का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में गेहूं और धान किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत 24 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। सरकार ने उर्वरकों की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय कीमतों का बोझ भी किसानों पर नहीं पड़ने दिया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने बनासकांठा में 14 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ भी किया।

<><><><><><><>

लोक निवास में आज गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम–किसान) कार्यक्रम का वेव्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर सांसद विष्णु पद रे, प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, पंचायती राज संस्थाओं के सदस्य और द्वीप समूह के किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि प्रशासन उन्नत तकनीकों और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों के माध्यम से कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि द्वीप समूह के किसानों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था का केंद्र बनाने और कृषि क्षेत्र में उनकी भूमिका को और मजबूत करने की आवश्यकता है। उपराज्यपाल ने किसानों से उपलब्ध सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों को कृषि के साथ अन्य आयवर्धक गतिविधियों को अपनाने की सलाह देते हुए गाय के गोबर से टाइल्स तथा गोमूत्र से औषधियाँ बनाने जैसे विकल्पों पर भी विचार करने को कहा।

<><><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम् स्थित लोक निवास में आज जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता दर्शन लोगों को अपनी शिकायतें और समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का एक महत्त्वपूर्ण मंच है। द्वीप समूह के इतिहास में पहली बार इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि इस पहल के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों की विभिन्न समस्याओं का एक साथ समाधान करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह मंच प्रशासन और जनता के बीच सीधे संवाद का माध्यम है। उपराज्यपाल डॉ. शर्मा ने बताया कि सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने एक ही प्रमुख शिकायत उठाई, जो एन एच–4 सड़क से संबंधित थी। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सड़क का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। जबकि होपटाउन में 50 मेगावाट क्षमता की बिजली उत्पादन परियोजना शुरू हो चुकी है और वर्ष 2028 तक द्वीपों में बिजली से जुड़ी समस्याएँ पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। जहाजरानी सेवाओं के संबंध में कहा कि 700 यात्रियों की क्षमता और 1,300 टन कार्गो वहन क्षमता वाला जहाज जल्द ही द्वीप समूह के जहाजी बेड़े में शामिल किया जाएगा।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल ने निकोबारी जनजाति के लोगों के लिए भी महत्त्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि निकोबार के गंभीर रूप से बीमार मरीज और उनके एक परिजन को हेलीकॉप्टर से श्री विजयपुरम लाने का खर्च लोक निवास की ओर से वहन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, अब द्वीपों से मुख्य भूमि के लिए रेफर किए जाने वाले मरीजों को यात्रा का खर्च यात्रा से पहले ही उपलब्ध करा दिया जाएगा। राज्य परिवहन सेवा की बसों से होने वाली दुर्घटनाओं के संबंध में उन्होंने घोषणा की कि दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसके परिजनों को दो लाख रुपये तथा घायल होने पर पीड़ित को एक लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि द्वीप समूह में होम स्टे में ठहरने वाले लोगों की अनुमत संख्या छह से बढ़ाकर आठकर दी गई है।

अंत में उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि प्रशासन जनता की सेवा के लिए है और लोगों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

<><><><><><><>

भाजपा अंडमान–निकोबार प्रदेश इकाई की ओर से एस आई आर, ई वी एम और कथित वोट चोरी के आरोपों को लेकर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों, अधिवक्ताओं, सेवानिवृत्त शिक्षकों, सरकारी अधिकारियों और ACCI के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी मुख्य अतिथि रहे। श्री तिवारी ने विपक्ष द्वारा चुनावी प्रक्रिया पर उठाए जा रहे सवालों की आलोचना करते हुए कहा कि आरोपों को तथ्यों और प्रमाणों के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए। प्रदेश उपाध्यक्ष के. रामदास ने एस आई आर को मतदाता सूची को अद्यतन एवं सटीक बनाने की प्रक्रिया बताया। प्रदेश मीडिया संयोजक एस. पी. एलंगो ने एस आई आर और चुनावी प्रक्रिया पर प्रस्तुति दी तथा प्रतिभागियों के सवालों के जवाब दिए। अंडमान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री अध्यक्ष के. चंद्रशेखर और सेवानिवृत्त DANICS अधिकारी सोम नायडू ने भी इस विषय पर अपने विचार साझा किए।

<><><><><><><>

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के केंद्रीय द्वीप कृषि अनुसंधान संस्थान में 26 से अक्टूबर से शुरू हुए सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 का आज समापन हो गया। इस दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में कुल 311 कर्मचारियों, किसानों और स्कूली बच्चों ने भाग लिया। सप्ताह की शुरुआत सत्यनिष्ठा की शपथ और सार्वजनिक सेवाओं में निवारक सतर्कता एवं नैतिक आचरण पर व्याख्यान से हुई। कर्मचारियों के लिए iGOT प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्रों के सहयोग से उत्तर एवं मध्य अंडमान, दक्षिण अंडमान और निकोबार में ग्राम सभाओं के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम, स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी और वॉकाथॉन आयोजित किए गए। इनमें स्थानीय समुदायों और महिला किसानों को भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण में ईमानदारी एवं पारदर्शिता के महत्त्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रमों का आयोजन सतर्कता अधिकारी डॉ. टी. सुजाता और प्रशासनिक अधिकारी कनिष्क भुकर ने कार्यवाहक निदेशक डॉ. जय सुंदर के मार्ग दर्शन में किया।

<><><><><><><>